प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि टीबी रोग उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं है जबकि इसे जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल आज विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मंडी जिला के सुंदरनगर में दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट डैहर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जन प्रतिनिधियों, पंचायतों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, आशा कार्यकर्ताओं और प्रत्येक नागरिकों को टीबी उन्मूलन में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि कृषि विभाग इस वर्ष एक लाख किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को प्रभावी ढंग से बढ़ावा दे रही है और किसानों को इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक प्रदेश में 2 लाख 22 हज़ार 8 सौ 93 किसान और बागवान परिवार प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। वर्तमान में राज्य में 38 हज़ार 4 सौ 37 हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है।

प्रतिबंध

प्रदेश सरकार ने सरकारी सेवा में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवा विस्तार, पुनः रोजगार और री–अंगेजमेंट पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रदेश सरकार में संयुक्त सचिव कार्मिक नीरज कुमार की ओर से आज जारी निर्देशों में कहा गया है कि आज के बाद कोई भी प्रशासनिक विभाग किसी भी स्तर पर अधिकारियों या कर्मचारियों के सेवा विस्तार, पुनः रोजगार व री–अंगेजमेंट के प्रस्ताव न तो मंजूर करेंगे और न ही सरकार को भेजेंगे। आदेशों में ये भी कहा गया है कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को वर्तमान में सेवा विस्तार दिया गया है या पुनः रोजगार पर रखा गया है वह निर्धारित अवधि पूरी करने पर स्वतः ही सेवानिवृत माने जाएंगे।

भाजपा बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक आज मंडी में संपन्न हो गई। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी चुनाव रणनीति और जनसंघर्ष की रूपरेखा तैयार की गई। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लगातार टैक्स का बोझ बढ़ाए जाने से जनता मंहगाई से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सेवा करने की बजाए उस पर मंहगाई का बोझ बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता की इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेगी। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार को संरक्षण, कर्ज लेना, जनता पर करों का बोझ थोपना और मित्रों का भरण पोषण ही सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन है।

कांग्रेस

इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार भाजपा कार्य समिति की बैठक में पारित संकल्पों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा का कोई भी षड़यंत्र चलने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जनविरोधी चहरा प्रदेश के लोगों ने देखा है। विनय कुमार ने कहा कि भाजपा आज प्रदेश हितैषी होने का ढोंग रच रही है जबकि उसके कार्यकाल में जब कर्मचारियों ने पैंशन मांगी तो तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनको चुनाव लड़ने की चुनौती दे डाली। उन्होंने कहा कि पूर्व में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार ने प्रदेश के लोगों को ठगा है। उन्होंने ये भी दावा किया कि कांग्रेस की नीतियां प्रदेश हित में हैं और हिमाचल आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में ओलावृष्टि, भारी वर्षा और आंधी–तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि बीते 24 घंटों के दौरान हुई बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी के चलते तापमान में गिरावट आई है।

———————————————————————————